तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 तिहार में मत्स्य विभाग की योजना से लाभान्वित...



12 आतंकी हमले में दिवंगत लोगों को कैंडल जलाकर दी...




## खबर संक्षेप

### सोलर पंप, वायर और पाइप चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम जलकी के गोठान में लगे सोलर मोटर पंप, वायर एवं पाइप की चोरी होने के मामले में तुमगांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सरपंच सविता रामाधार दीवान ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि बीते साल 15 दिसंबर को करीब 30 हजार के सामान चोरी हुई थी। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।





## जंगल में लगी आग, कहां है वन विभाग

**महासमुंद।** जंगल में लगी आग और विभाग के कारिंदे बेखबर हैं। यह तस्वीर है समीपस्थ ग्राम पंचायत उमरदा के आश्रित ग्राम मुड़मार क्षेत्र की। जंगल में लगी आग को बुझाने वाला कोई नहीं। रास्ते से गुजरने वाले लोगों को यहां लगी आग से उठ रहे धुएं और धधक से निकलने में परेशानी हो रही है। जंगल में लगी आग उस जागरुकता और प्रशिक्षण पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं, जिसके तहत ग्रामीणों और वन अमले को आग रोकने के उपाय बताए जाते हैं। और इस पर हुए खर्च के बाद नतीजा इस तरह सामने आता है।

### कार्रवाई : 5 जगहों पर तोड़ा गया अस्थाई मार्ग, निर्माण सामग्री भी जब्त

# तुमगांव के दो वार्डों में 5 जगहों पर अवैध प्लाटिंग, हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पंचायत तुमगांव में हो रहे अवैध प्लाटिंग के खिलाफ शुक्रवार को प्रशासनिक कार्रवाई हुई है। नगर का सबसे बड़ा अवैध प्लाटिंग वार्ड क्रमांक 12 में तुमगांव से महासमुंद की ओर किया जा रहा है। वहीं 4 अन्य छोटे जमीनों के खरीद फरोख्त कर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

नगर निवेश के अफसर संजूलाल सिंह ने बताया कि बगैर अनुमति और कॉलोनाईजर एक्ट का खुला उल्लंघन कर किए जा रहे प्लाटिंग के रोड रास्ता और आवाजाही को बाधित करने की कार्रवाई की गई है। इस दौरान नगर पंचायत अमला भी मौजूद रहा। बता दें कि तुमगांव में अवैध प्लॉट कटिंग का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। तुमगांव से महासमुंद शहर की ओर आने वाले मार्ग में वामा डेयरी के आसपास की जमीनें अवैध प्लाटिंग कर बेचे जाने की तैयारी जोरों पर है जिसे हरिभूमि द्वारा हाल ही में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया जिसके पश्चात शुक्रवार को प्रशासनिक अमले ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई की है।




मामले में सीएमओ सतीश सिंह ने बताया है कि राजस्व, नपा अमला और पुलिस की मौजूदगी में शुक्रवार को तुमगांव के वार्ड क्रमांक 01 एवं 12 में किए जा रहे अवैध प्लाटिंग के विरुध्द कार्रवाई करते हुए अस्थाई रोड एवं डीपीसी को ध्वस्त करते हुए निर्माण सामग्री को जब्त किए जाने की कार्रवाई की गई है।


तुमगांव में भू माफिया सक्रिय, बिना अनुमति खरीदी-बिक्री का खेल

# कर्ज किसी और ने लिया, कट रही रसोइया के खाते से राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक राष्ट्रीयकृत बैंक की लापरवाही से कैंसर पीड़ित गरीब वृद्ध महिला के जीवन में आफत का पहाड़ खड़ा हो गया है। मात्र दो हजार रुपए मासिक मानदेय पाने वाली रसोईया महिला बैंक में उस कर्ज का किश्त चुकाने मजबूर हैं, जिसे उसने लिया ही नहीं है।

मामला बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पटपरपाली का है। यहां प्रेमिन बाई यादव (62) ग्राम के शासकीय स्कूल में मध्याह्न भोजन रसोईया हैं। प्रेमिन बाई यादव को मात्र दो हजार रुपए मानदेय मिलता है। यह मानदेय की राशि बागबाहरा के बैंक आफ बड़ौदा ब्रांच में जमा होती है। लेकिन, मानदेय की राशि पिछले 10 महीने से लोन की किश्त के रूप में कट रही है जो उसने लिया ही नहीं। प्रेमिन ने न तो लोन के लिए कोई आवेदन किया है और न ही किसी लोन के लिए फार्म पर कोई दस्तखत किया है। महिला का एक दिव्यांग



पुत्र भी साथ में रहता है। कई माह का मानदेय बैंक खाते में जमा होने के बावजूद महिला को उनका मानदेय नहीं मिल रहा है। पूरा वेतन फर्जी लोन के किश्त मे कट रहा है। प्रेमिन बाई को जब 10 माह से मानदेय मिलना बंद हो गया और समस्या गंभीर हो गई तब उन्होंने पड़ोसियों से मदद मांगी। पड़ोसी ने बैंक पहुंच कर जानकारी ली और मामले की शिकायत की। शिकायत पर जांच में पाया गया कि किसी अन्य ग्राम की प्रेमिन बाई द्वारा लिया गया एक लाख रूपए के मुद्रा लोन की वसूली इस प्रेमिन बाई से की जा रही है। कैंसर पीड़ित विधवा वृद्ध महिला का कहना है कि बार-बार बैंक का चक्कर लगाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### बैंक की कार्यप्रणाली पर सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि एक समान नाम होने के बावजूद दोनों प्रेमिन बाई का आधार नंबर अलग है। सरनेम अलग है। ग्राम अलग-अलग है एवं पति का नाम भी अलग है, फिर यह बड़ी गलती कैसे हो गई । बिना दस्तावेज सत्यापन के लोन स्वीकृत कैसे हो गया और सवाल यह भी है कि पीड़ित महिला के बार-बार बैंक जाने के बाद भी सुनवाई क्यों नहीं की गई।

### सुधार किया जाएगा

ब्रांच से पूरी जानकारी लेकर बैंक के नियम के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। यदि प्रक्रिया में कोई गलती होगी तो सुधार किया जाएगा।

**-अभय पारे**
मैनेजर लीड बैंक, महासमुंद

### पैरावट में आग लगाने का आरोप लगाते हुए पिता-पुत्र ने कर दी मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम घांसीनगर में पैरावट में आग लगाने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति के साथ पिता-पुत्र ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने मे आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि घांसीनगर निवासी धनसाय कोसरिया 21 अप्रैल को अपने खेत से घर जा रहा था, पक्की रोड के पास पहुंचने पर देखा कि धनीराम साहू के खुले स्थान में रखे पैरावट में आग लगी हुई थी, जब उसने धनीराम साहू की पत्नी जो अपने घर के सामने रोड में खड़ी थी से पैरावट में आग लगने का कारण पूछा तो महिला ने अपने पति धनीराम साहू को बुलाया। तब आरोपी धनीराम साहू लोहे का रॉड लेकर गाली गलौज करते हुए तुम मेरे पैरावट में आग लगाये हो कहते हुए मारपीट करने लगा, तभी आरोपी का पुत्र माधव राम साहू भी डंडा लेकर आया और मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 117, 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# एक्सीडेंट में बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सड़क किनारे खड़े वाहन के पीछे टकराने से एक बाइक सवार की मौत हो गई। मामला सरायपाली थाना क्षेत्र का है। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि मृतक लोकेश साहू पिता स्व अमृत साहू (20 वर्ष) निवासी हरदा नवागांव थाना बसना जिला महासमुंद की मर्ग जांच की गई। जांच के दौरान सूचक ने बताया कि 24 अप्रैल की दोपहर करीब 12.30 बजे मृतक लोकेश साहू अपने साथी अनुज दास उर्फ अज्जू दास के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीई 3624 से सरायपाली की ओर से वापस अपने घर जा रहा था, सागरपाली पहुंचने पर वह सड़र किनारे लापरवाहीपूर्वक खड़े वाहन वाहन टाटा 407 क्रमांक सीजी 11 एबी 2994 के पीछे टकरा गया, जिससे लोकेश के चेहरे में चोट लगा और उसे इलाज हेतु शासकीय अस्पताल सरायपाली लाया गया। जहां डॉक्टर ने लोकेश साहू को मृत घोषित कर दिया। वहीं इस घटना में बाइक के पीछे बैठे अनुज दास उर्फ अज्जू दास के हाथ एवं शरीर के अन्य भागों में चोट आई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए) 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### शासकीय कार्य में बाधा, आरक्षक के साथ मारपीट, वर्दी फाड़ी

**महासमुंद।** मारपीट, विवाद की सूचना पर ग्राम गुठानीपाली गए डायल 112 में पदस्थ आरक्षक के साथ मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा और वर्दी फाड़े जाने संबंधी शिकायत पर थाना सिंघोड़ा में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। सिंघोड़ा पुलिस को प्रार्थी आरक्षक क्रमांक 874 विजय कुमार मज्जी पिता सुक्कुराम मज्जी (27 साल) ने आरोपी सुभाष तांडी निवासी गुठानीपाली के द्वारा 112 इवेंट के दौरान लड़ाई झगड़ा एवं मारपीट करने के संबंध में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रार्थी ने अपने आवेदन में बताया कि 24 अप्रैल की रात करीबन 08:20 बजे सी 04 रायपुर से सूचना मिली कि ग्राम गुठानीपाली मे अभय साहू के साथ गांव का सुभाष तांडी शराब पीकर गाली गलौज कर रहा है। सूचना पर सिंघोड़ा लायन 01-112 से ग्राम गुठानीपाली चालक कुलेश्वर साव के साथ वह गया था। प्रार्थी ने पुलिस को बताया गांव में जाकर सूचक अभय साहू को पूछताछ कर आरोपी सुभाष तांडी को आवश्यक समझाइश दिया जा रहा था। लेकिन, आरोपी सुभाष तांडी शराब के नशे में था और प्रार्थी आरक्षक के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए धक्का मुक्की, मारपीट कर शासकीय कार्य मे बाधा पहुंचाते हुए वर्दी को फाड़ दिया। मामले में आवेदन के अवलोकन के बाद प्रथम दृष्टया में धारा 296, 115(2), 351(2), 121, 221, 132 भारतीय न्याय संहिता का अपराध घटित होना पाये जाने से आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना मे लिया गया।

# भागवत कथा श्रवण से सहस्त्रों यज्ञ के समान मिलता है पुण्य : आचार्य नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- बीटीआई रोड स्थित खैराबाड़ा में श्रीमद भागवत कथा जारी

भगवान का नाम जपने मात्र से प्राणी के समस्त पापों का नाश हो जाता है, और उसे बैकुंठधाम की प्राप्ति होती है। श्रीमद् भागवत महापुराण में अजामिल नामक ब्राम्हण की कथा इसका प्रमाण है। अजामिल पूरे जीवन भर पाप कर्म करते रहे। अपनी धर्मपत्नी का त्याग कर पराए स्त्री के साथ रहा। लेकिन, मरने के समय उसने नारायण नाम का जाप किया। जिससे उसके सारे पापों का नाश हो गया। उसे भगवान ने बैकुंठ धाम पहुंचाया। उन्होंने अजामिल कथा की व्याख्या करते हुए कहा कि चाहे आप जिस परिस्थिति में रहें, हरि नाम का जाप करते रहें, भगवान आपको सहीं मार्ग दिखाएगा और संसार रूपी इस भवसागर से पार लगाएगा। भगवताचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री (सिलयारी धाम) चाय वाले बाबा ने भक्तों को सांसारिक मोह के बंधन से भी अवगत कराया।





स्थानीय बीटीआई रोड स्थित खैरा बाड़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री ने भागवत प्रेमियों को कथा श्रवण कराते हुए कहा कि विकट परिस्थिति में भी हमें भगवान पर विश्वास रखना चाहिए। मन, कर्म, वचन से प्रभु के शरण में जाकर उनसे कहिए, हे प्रभु मैं आपके शरण में आया हूं। विनम्र भाव से भगवान के शरण में जाने से भगवान आपके अच्छे-बुरे का ध्यान रखेंगे।

उषा कमलनारायण चंद्राकर, शिल्पा सपन चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। भगवान के भजनों में सभी जमकर थिरके। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा कराने से सहस्त्रों यज्ञ कराने के समान पुण्य मिलता है। इसका लाभ कथा कराने वाले तथा सुनने वाले दोनों को मिलता है। महासमुंद की पुण्य भूमि पर आज चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित अमृतमयी भागवत गंगा बह रही है। जिसका लाभ यहां के समस्त निवासियों को मिल रहा है।

### नेशनल वेटर्न एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन

# एथलेटिक्स चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते अनेक पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

मैसूर में 21 से 23 अप्रैल तक वेटर्न एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया 44वें नेशनल वेटर्न एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शाप्रशा आमापारा मुनगासेर में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ एवं अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ केन्द्रीय अध्यक्ष महिला प्रभाग राज सुवरमार रामबती ठाकुर ने 35 प्लस आयु वर्ग में 100 मीटर हर्डल्स में स्वर्ण पदक लंबी कूद में रजत पदक, ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीते। बागबाहरा से 4 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें 2 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक, 2 कांस्य पदक बागबाहरा के खिलाड़ियों को मिला।

इस जीत पर अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ सुरमार राज के सभी पदाधिकारियों ने हर्ष जताया। और कि रामबती ठाकुर ने स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गोंड समाज को गौरवान्वित किया है। रामबती की इस उपलब्धि पर अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ केन्द्रीय अध्यक्ष बंसता ठाकुर, सुवरमार राज अध्यक्ष देवसिह ठाकुर, कसेकेरा सर्कल अध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर, कारागुला सर्कल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मांझी, भालुचूवां सर्कल अध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर, बाघामुडा सर्कल अध्यक्ष अरुण सिंह ठाकुर, केंद्रीय पदाधिकारी कोमल सोम, पुरनसिह सोरी, क्रियान्वयन केन्द्रीय सदस्य तुफान दीवान, राज उपाध्यक्ष राजू ठाकुर, दीपक सिंह ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर, दौलत ठाकुर, भारत ठाकुर, मनोज ठाकुर, राजुराम ठाकुर, चेतन जगत, पंचराम ठाकुर, माखन ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, मोहर सिंह ठाकुर, रुपेश्वर ठाकुर, शोभाराम ठाकुर, रायसिंग ठाकुर, हरिचंद ठाकुर, केशर सिंह ठाकुर, रघुवीर ठाकुर, नरेश ठाकुर, रोहित ठाकुर, भगवानी ठाकुर, खेमराज ठाकुर, शंकर ठाकुर, यशवंत ठाकुर, धनमंत्री ठाकुर, बुटागू ठाकुर, मोनिका ठाकुर, धनेश्वरी ठाकुर, पूर्णिमा ठाकुर, तेजन ठाकुर, हरि ठाकुर, चैतराम ठाकुर, रुपसिंह ठाकुर, विकास ठाकुर, ताराचंद ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, भुनेश ठाकुर, युधिष्ठिर ठाकुर, समाज दूत कन्हैया लाल ठाकुर ने हर्ष जताया है।



### कोमाखान से खट्टी मार्ग के किनारे उगे कंटीले पौधों से हादसे की आशंका



**नर्रा।** पीडब्ल्यूडी सड़क कोमाखान से खट्टी मार्ग को जोड़ता है। सड़क किनारे कंटीले पेड़-पौधे बोइर गंगा, इमली, बबूल, घोइरा, फुढहर इत्यादि उग गए है। इस मार्ग पर चलने वाले राहगीर मोटर साइकिल, साइकिल चालकों, चार पहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है। इस मार्ग के आजू बाजू कंटीले पौधे उग जाने से दोनों तरफ से वाहनों के आ जाने से राहगीरों तथा मोटर साइकिल चालकों को साइड देने में भारी दिक्कत होती है। रात के अंधेरे में वाहनों की लाइट की वजह से नहीं दिखता। यह झाड़ियां हादसे को आमंत्रित कर रहे हैं। बताया जाता है कि सफाई के अभाव के कारण झुंड सी हो गई है। इस सड़क किनारे में न तो मुरूम डाला जाता है न सफाई विभाग सुध नहीं लेना समझ से परे है।

## खबर संक्षेप



### लमकेनी स्कूल में प्री-पैटरी कैंप का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया द्वारा जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा एवं सहायक जिला मिशन समन्वयक विद्या साहू के आदेशानुसार कक्षा 6वीं में 32, 10वीं में 08 रिक्त सीट के लिए ग्राम लमकेनी विकासखंड बागबाहरा में प्री-पैटरी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं के प्रवेश एवं पलायन, शाला त्यागी, अनाथ, एकल पालक, अप्रवेशी, अन्य बालिकाओं को प्रवेश देने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में अधीक्षिका रक्षा साहू द्वारा प्रवेश प्रक्रिया को बताया गया। निराशा ध्रुव द्वारा छात्रावास में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी गई। कुंजलता गायकवाड़ द्वारा आवासीय विद्यालय की शिक्षा एवं अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। बागबाहरा सीएससी भूपेंद्र निराला द्वारा आवासीय विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं पर प्रकाश डाला गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य जागेश्वर दीवान द्वारा गांव के पालकों से निवेदन किया गया कि अपने बच्चों को आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलवाए। पालकों को जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। ताकि, कोई भी बालिका पढ़ाई से वंचित न रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका कमलेश कौशिक, अंजू दीवान, गेंदलाल ठाकुर, संकुल समन्वयक गजानन दीवान बंजारा आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

### नाबालिग सहित तीन वाहन चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने नाबालिग सहित तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। मेकाहारा अस्पताल के बाहर से वाहन चोरी के मामले में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने जांच करते हुए आरोपी शेख अहमद, शेख असलम एवं एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है।

**सुविधा:** केंद्र के खुलने से ग्रामीणों का समय और संसाधनों की होगी बचत

# पिथौरा विखं के 12 ग्राम पंचायतों में खुला अटल डिजिटल सुविधा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

डिजिटल इंडिया अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी सेवाओं की सुगमता और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से पिथौरा विकासखंड में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की स्थापना सुनिश्चित की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार विकासखंड की 12 ग्राम पंचायतों का चयन कर इनमें डिजिटल सुविधा केंद्रों का शुभारंभ सफलतापूर्वक कर दिया गया है।

पिथौरा विकासखंड अंतर्गत चयनित 12 ग्राम पंचायतों में कोकोभाटा, खैरखुटा, अमलीडीह, टेका, चिखली, डूमरपाली, बुंदेली, भुरकोनी, लिलेसर, सांकरा, बरेकल और बम्हनी शामिल है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पिथौरा सीपी मनहर ने बताया कि विकासखंड में कुल 126 ग्राम पंचायतें हैं। शेष पंचायतों में भी शीघ्र ही प्राथमिकता के आधार पर डिजिटल सुविधा केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे पूरे विकासखंड को डिजिटल सेवाओं से जोड़ा जा सकेगा।

### डिजिटल सुविधा केंद्र की मॉनिटरिंग व्यवस्था

सीईओ सीपी मनहर ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्थापित डिजिटल सेवा केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग संबंधित पंचायत सचिवों के माध्यम से की जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नागरिकों को सभी सेवाएं समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से उपलब्ध हों।

### सुविधा केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध सेवाएं

जन्म-मृत्यु पंजीयन एवं प्रमाण पत्र प्रदान करना, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाना, विवाह पंजीयन, विभिन्न शासकीय योजनाओं में पंजीयन, पासपोर्ट आवेदन सुविधा, बिजली बिल का भुगतान, बीमा सेवाएं (जीवन, सामान्य और कृषि बीमा), पेंशन योजना का लाभ, यात्रा टिकट बुकिंग, पैन कार्ड सेवाएं आदि सुविधाएं मिलेगी। ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के माध्यम से प्रमाण पत्र जारी करना इन सुविधाओं के माध्यम से ग्रामीण नागरिकों को अब शासकीय कार्यों के लिए अन्यत्र भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

### ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटल क्रांति की ओर एक मजबूत कदम

सीईओ मनहर ने विश्वास जताया कि डिजिटल सुविधा केंद्रों की स्थापना से न केवल सरकारी सेवाओं की पहुंच सुलभ होगी, बल्कि ग्रामीणों के समय और संसाधनों की भी बचत होगी।

इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा मिलेगा और डिजिटल इंडिया के सपनों को साकार करने की दिशा में विकासखंड पिथौरा एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता व उनके परिजनों से मिले चंद्रहास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री दर्जा बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर नियुक्ति के बाद से लगातार पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और उनके परिजनों से मुलाकात कर रहे हैं। इसी क्रम में चंद्राकर शुक्रवार को कांपा पहुंचे। वहां उन्होंने पार्टी के संघर्षों के समय के कार्यकर्ता वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. माखनधर दीवान की धर्मपत्नी कमला देवी व परिजनों से मिले। वहीं, कांपा के ही वरिष्ठ भाजपा नेता शोभाराम साहू से मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछा। इस दौरान चंद्राकर ने कहा कि भाजपा में बहुत से ऐसे कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने अपना जीवन त्याग कर पार्टी व संगठन को सींचा है। उनके जीवन में अनेक कठिनाइयां, बाधाएं, संघर्ष एवं उतार-चढ़ाव आए, लेकिन वे निरंतर पार्टी में अपना अमूल्य योगदान देते रहे। मुलाकात के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता माधव टांकसाले, पूर्व भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, युवा मोर्चा महासमुंद अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री आदि उपस्थित रहे।

## केंद्रीय विद्यालय में हुआ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में कक्षा पहली के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल, प्रधानाध्यापिका कांता एक्का, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों द्वारा सुमधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कांता एक्का ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सभी नवप्रवेशित विद्यार्थियों और अभिभावकों का अभिनंदन किया। विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुआ कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा के आधारभूत स्तर पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में छात्र, पालक एवं शिक्षक सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों को लेखन सामग्री, चॉकलेट और पुष्प प्रदान कर स्वागत किया गया। नवप्रवेशित विद्यार्थियों को स्वागत के रूप में प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित ग्रीटिंग कार्ड प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को पीएमश्री स्कूल योजना के अंतर्गत स्कूल रेडीनेस प्रोग्राम मॉड्यूल पुस्तिका प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक प्रभात देवांगन, वंदिनी जौहरी, प्रकृति श्रीवास्तव, लाकेश्वरी साहू, दीक्षा चंद्राकर, स्वाति जगत उपस्थित

## परिजनों को दिए सहयोग राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका पेंशनर्स संघ द्वारा संघ की बैठक 05 जनवरी 2025 को पारित प्रस्ताव में लिये गए निर्णय के परिपालन में मृत पेंशनरों के आश्रितों को 5000 रुपए सहयोग राशि दिया जाना सुनिश्चित किया गया है। इसी तारतम्य में नगर पालिका महासमुंद के मृत पेंशनर्स कौशिल्या चंद्राकर, द्रोपती मानिकपुरी, जयकर गोंडाने एवं रचिचंद सोना के आश्रितों को चेक के माध्यम से प्रत्येक को 5000-5000 रुपए का सहयोग राशि प्रदान किया गया। दिवंगत सभी पेंशनरों को संघ की बैठक में मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेंशनर्स संघ के संगठन एवं प्रचार मंत्री तथा नगर पालिका महासमुंद पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष बीडी सोनवानी ने दी

## भाजपा मंडल सांकरा ने पहलगाम हमले के विरोध में निकाली मौन आक्रोश रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

जम्मू कश्मीर के पहलगाम के बैसरन घाटी में मंगलवार को हुए आतंकियों के फायरिंग हमले में 27 मासूम पर्यटकों मौत हो गई है, हमले में मारे गए लोगों के मृत आत्मा की शांति और घायल लोगों की जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना के लिए सांकरा क्षेत्रवासियों द्वारा रेस्ट हाऊस से परसवानी चौक तक मौन आक्रोश रैली निकाली गई। साथ ही सभा रखकर मृत लोगों आत्मा की शांति एवं हमले में घायल हुए लोगों के जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना की गई। यह कार्यक्रम पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू अध्यक्षता में हुआ। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष हलधर साहू, महामंत्रीद्वय रामलाल मलिक, मनोज बारीक, कंवलजीत छाबड़ा सभापति, राजेश विशाल, गोविंद साहू, रंजित साहू, सुशील मेहर, गोपाल अग्रवाल, सत्यप्रकाश साहू, झाड़ूराम परमार, रोहित नायक, अजेय नायक, अविनाश साहू एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## प्राथमिक स्कूलों में पढ़ाई तिहार का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

संकुल स्त्रोत केंद्र ठाकुरदियाखुर्द के अंतर्गत आने वाली सभी प्राथमिक शालाओं में पढ़ाई तिहार का आयोजन किया गया।

समन्वयक कौतुक पटेल ने बताया कि शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों में अपेक्षित दक्षताओं को हासिल करने की दिशा में कुछ आवश्यक कदम बढ़ाते हुए घर पर सीखने-सिखाने का वातावरण बनाकर बच्चों के कौशल विकास में माताओं के सहयोग सुनिशित करना है। पटेल ने कहा कि आंगना म शिक्षा कार्यक्रम 2020 से प्रदेश में संचालित है, इस वर्ष इसे पढ़ाई तिहार का नाम दिया गया है। इसके अंतर्गत प्राथमिक शालाओं में बच्चों के माताओं को आमंत्रित कर मेला का आयोजन किया जाता है। प्राथमिक शाला ठाकुरदियाखुर्द में अंगना में शिक्षा अंतर्गत मेला आयोजित कर 9 स्टाल लगाया गया और ममता जोशी का स्मार्ट माता के रूप में चयन किया गया।

शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर संकुल समन्वयक कौतुक पटेल, प्रधान पाठक नीरा कुमार, शिक्षक आरती टंडेकर, शारदा बरिहा, श्वेता ठाकुर, माताएं कविता जोशी, हीरा बाई साहू, उर्मिला, हेमलता साहू, ललिता निषाद, सुशीला भुनेश्वरी ठाकुर, चंद्रकांति ठाकुर, टिकेश्वरी पटेल, सियाबाई यादव, सुमित्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## वीर सपूतों को श्रद्धांजलि: शहीद स्मारक समिति पिथौरा द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा देशभक्ति का जज़्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए वीर सैलानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने शहीद स्मारक समिति द्वारा स्मारक परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजीत ओगरे, थाना पिथौरा के निरीक्षक उमेश वर्मा, शहीद विवेकानंद त्रिपाठी की वीर वधू अहिल्या त्रिपाठी तथा समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विशेष बात यह रही कि कोलकाता से भिलाई की ओर जा रहे बीएसएफ के जवानों ने भी स्मारक स्थल पर रुक कर दीप जलाया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह क्षण उपस्थित सभी लोगों के लिए अत्यंत भावुक एवं गर्व का रहा। सभा की शुरुआत समिति के सक्रिय सदस्य रितेश महंती ने समिति की गतिविधियों और उद्देश्यों की जानकारी देते हुए की। इसके पश्चात अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजीत ओगरे ने आतंकियों की इस कायराना हरकत की कड़ी निंदा करते हुए शहीदों को



श्रद्धांजलि दी। बीएसएफ के लीडर जयदीप सिंह ने अपने संबोधन में आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने की बात कही और शहीद स्मारक समिति के कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। सभा के अंतिम वक्ता के रूप में समिति के प्रमुख सलाहकार ठाकुर अनंत सिंह वर्मा ने गहरी पीड़ा व्यक्त करते हुए आतंकवादियों को सरे आम फांसी देने की मांग की और उपस्थित जनों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश साहू ने किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस भावपूर्ण आयोजन में सरोज साव, आरती कालसा, धोलामणि साहू, शुभम अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह, किशोर नायक, रमेश सोनी, एमके साहू, अंतर्यामी प्रधान, नोहर दास साहू, श्याम कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं समिति सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी समिति के सक्रिय सदस्य एफए नंद ने दी है।




**श्रध्दांजली**

**महासमुंद।** जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्देश देशवासियों और पर्यटकों को तुमगांव में श्रध्दांजली अर्पित की गई। इस दौरान नगर पंचायत के अध्यक्ष बलरामकांत साहू सहित नगर के गणमान्यजन मौजूद रहे।

एजेन्सी देना है
हरिभूमि
समाचार पत्र महासमुंद
जिला के अंतर्गत
झलप, छिलपावन
में संवाददाता नियुक्ति करना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
स्वयं का वाहन, शिक्षा 12वीं से स्नातक
संपर्क - हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
9098324969

## आतंकवाद के खिलाफ मुस्लिम समाज ने निकाली जन आक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा




सुन्नी हनीफ जामेअ मस्जिद द्वारा शुक्रवार को जुमा के नमाज के बाद एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मुस्लिम समाज द्वारा आतंकवाद के खिलाफ जनआक्रोश रैली निकाली गई। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए अमानवीय आतंकी हमले की मुस्लिम समाज विरोध एवं कड़ी निंदा करता है। सभी समाज के साथ मिलकर आतंकवाद के खिलाफ आवाज़ उठाएंगे। भारत सरकार से आतंकवादी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की है। इस अवसर पर हाजी अमजद मेमन, हाजी आबिद कुरैशी, जावेद खान, सैय्यद नियाजअली, मौलाना ईस्माईल, हाजी वारीश चौहान, शेख नासिर, सद्दम हुसैन, नावेद चौहान, रफीक मेमन, आयुब कुरैशी, शहजान पाशा, नासिर खान, रज्जक खान, शलीम खान, हैदर खान, जियाउलहक कुरैशी, अखबर कुरैशी, हलीम खान, जावेद खान, अरबाज खान, गुलाम रसील, युनुस कुरैशी, मोहशिन खान, अफताब खान, अनवर खान, जियाऊलहक खान, जलीम कुरैशी, सलाउद्दीन खान, दानिश खान शब्बीर परमार, शेख हमीद

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
Dental & Cosmetic Treatments
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### हाईस्कूल सोरिद का परीक्षा परिणाम घोषित

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल सोरिद का परीक्षा परिणाम 25 अप्रैल को घोषित किया गया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य सुखेंद्र द्विवेदी, परीक्षा प्रभारी रामकुमार जगड़े, व्याख्याता पूजा श्रीवास्तव, व्याख्याता नेहा संगतानी, व्याख्याता मंजू दीवान, विज्ञान सहायक मनीषा नंदेश्वर सहित कक्षा नवमी के विद्यार्थी सहित पालकगण भी उपस्थित रहे। प्रभारी प्राचार्य द्विवेदी ने छात्रों से कहा कि यह परिणाम आपकी मेहनत पर निर्भर करता है। कक्षा नवमी में प्रथम ओजस्वी द्विवेदी, द्वितीय पीयूष पाल एवं तृतीय मधु ध्रुव रहे।

### घोड़ारी में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ

**महासमुंद।** महासमुंद विकासखंड के ग्राम पंचायत घोड़ारी में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सरपंच पार्वती सुधीर बंजारे, उपसरपंच गोपाल दास, नीलू ओगरे प्रदेश अध्यक्ष रसोईया संघ सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे। विधायक राजू सिन्हा ने कहा कि ग्राम पंचायत घोड़ारी में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र प्रारंभ होने से अब विभिन्न सुविधाएं पंचायत में मिलेंगी। विष्णुदेव साय की सरकार में जनता को इधर उधर भटकना न पड़े इसलिए जनता के सुविधा के लिए जनकल्याणकारी योजना प्रारंभ की गई है। अब आय, जाति, मूल निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी विभिन्न सुविधाएं पंचायत में ही प्राप्त होंगी। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार जन हितैषी है।

### सूने मकान में धावा दो गिरफ्तार

**रायपुर।** आयोध्या नगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो आरोपियों को डीडीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी धनेश साहू ने दर्ज कराई थी। उसका पूरा परिवार 11 अप्रैल को दिल्ली गया हुआ था।

## निधन

### जितेंद्र चंद्राकर



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा निवासी जितेंद्र कुमार चंद्राकर 45 वर्ष का लंबी अस्वस्थता के चलते उपचार के दौरान रायपुर में निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में 24 अप्रैल को किया गया। वे कौशिक चंद्राकर के छोटे भाई, रितिक व धीरज चंद्राकर के पिता थे।

### जानकीबाई ओडनलवार



**महासमुंद।** स्थानीय इमलीभाठा निवासी जानकी बाई ओडनलवार (84) का 24 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे आनंद टेलर्स के संचालक कमल, बसंत, आनंद, ओडनलवार की माता थीं।

### फातिमा बी



**महासमुंद।** स्थानीय चांडक पेट्रोल पंप गली स्थित भुवन निषाद के मकान में रहने वाली 85 वर्षीय फातिमा बी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार 24 अप्रैल को किया गया।

### आसन बाई धीवर



**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा निवासी आसन बाई धीवर (70) का गुरुवार 24 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे तेजराम धीवर की धर्मपत्नी व नारद धीवर की मां थी।

## सफलता की कहानी : सुशासन तिहार अभियान का सकारात्मक प्रभाव

# तिहार में मत्स्य विभाग की योजना से लाभान्वित हुए टिकेश्वर एवं गंगाबाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- मत्स्य विभाग द्वारा प्रदत्त आइस बॉक्स और मछली जाल से मिलेगा रोजगार को नया आयाम

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आमजन तक सुशासन की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु प्रारंभ किए गए सुशासन तिहार अभियान का सकारात्मक प्रभाव जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में भी देखने को मिल रहा है। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से न केवल जरूरतमंदों को सहायता मिल रही है, बल्कि उनके जीवन में स्थायी परिवर्तन भी आ रहा है।

शासन की योजनाओं का लाभ जब ज़मीनी स्तर तक पहुंचता है, तभी उसका असली उद्देश्य पूर्ण होता है। सिंघनपुर के टिकेश्वर सतनामी की कहानी इसका जीवंत उदाहरण है, जिन्हें मत्स्य विभाग की फुटकर मत्स्य विक्रय योजना के तहत आइसबॉक्स प्रदान किया गया। इस सहयोग ने उनके मछली व्यवसाय को नई दिशा दी और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया।





टिकेश्वर ने बताया कि मछली विक्रय के दौरान ताजगी बनाए रखना एक बड़ी चुनौती होती है, लेकिन विभाग द्वारा प्रदत्त आइसबॉक्स से अब वे मछलियों को लंबे समय तक संरक्षित रख पाएंगे। इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि होगी, बल्कि उनके व्यवसाय में स्थायित्व भी आएगा। टिकेश्वर बताते हैं, कि पहले मछलियों को जल्दी बेचना पड़ता था, वरना खराब होने का डर रहता था। अब आइसबॉक्स की मदद से मैं मछलियों को दूर के बाजारों तक भी अच्छे हालत में बेच पाऊंगा। इससे मेरी आमदनी भी बढ़ेगी। इसी प्रकार से ग्राम गोड़पाली की निवासी गंगाबाई निषाद ने मछली पकड़ने के लिए जाल प्रदान करने हेतु आवेदन किया था। उनके इस आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग द्वारा उन्हें मत्स्यपालन प्रसार योजना के अंतर्गत मछली पकड़ने हेतु जाल उपलब्ध कराया गया। गंगाबाई निषाद लंबे समय से मछली पालन के माध्यम से अपने परिवार का भरण-पोषण करती आ रही हैं। अब जाल प्राप्त होने से उन्हें अपनी आजीविका को और सुदृढ़ करने का अवसर मिला है।

यह सहायता उनके लिए आर्थिक संबल बनेगी। टिकेश्वर एवं गंगाबाई ने शासन और विभाग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सुशासन तिहार जैसे अभियान न केवल योजनाओं की जानकारी देते हैं, बल्कि आमजन को उनमें भागीदार बनाकर सशक्त भी करते हैं। मत्स्य विभाग का उद्देश्य भी यही है, गांवों में स्वरोजगार को बढ़ावा देकर ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना।

## शीघ्रता से निराकृत हुआ ऋण पुस्तिका का आवेदन, पुरी हरपाल ने जताई खुशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में संचालित यह अभियान, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ज़रूरतमंदों तक पारदर्शिता और त्वरित प्रक्रिया के माध्यम से पहुँचाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का त्वरित लाभ दिलाना और शासन-जनता के बीच सेतु का कार्य करना है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास की किरण पहुंच सके। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा तत्परता से निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में सुशासन तिहार अंतर्गत पुरी हरपाल पति पंकज हरपाल निवासी तेंदूलोथा खुर्द द्वारा ऋण पुस्तिका (किसान किताब) के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसे तत्काल निराकरण किया जाकर आवेदक को किसान किताब प्रदान किया गया। लंबे इंतजार के पश्चात ऋण पुस्तिका प्राप्त होते ही हरपाल के चेहरे पर संतोष और प्रसन्नता साफ झलक रही थी। उन्होंने समाधान मिलते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए शासन की त्वरित कार्यप्रणाली की सराहना की।

## आतंकी हमले में दिवंगत लोगों को कैंडल जलाकर दी गई श्रद्धांजलि



**नर्रा।** ग्राम मुनगासेर के युवा संगठन द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले में दिवंगत लोगों को मोमबत्ती जलाकर दो मिनट मौन धारण रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पदमा, जयंती, जानू, देवकी, दसोदा, रामनारायण, प्रेमशंकर, जोगेंदर, ललित पटेल, चंद्रिका, किशन, रिंकू, नंदू ध्रुव, रेखराम आदि मौजूद रहे।

## जमीन की खरीद-बिक्री प्रक्रिया को पारदर्शी और आसान बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात कर जमीन की खरीद-बिक्री प्रक्रिया को पारदर्शी और आसान बनाने की मांग को लेकर पत्र सौंपा। तुषार ने कहा कि नामांतरण की प्रक्रिया के लिए किसान तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, जो कि किसानों के लिए काफी परेशानी का कारण बन रहा है। यह समस्या पटवारियों की लापरवाही और मनमानी के कारण पैदा होती है, जिससे किसानों के जमीन संबंधित कार्य समय पर नहीं हो पाते हैं। ऐसा ही केस पटेवा तहसील का है, इंद्राणी ने ठुमसा में जमीन लिया है। 5 नवंबर को रजिस्ट्री हुआ था, आज तक नामांकन के लिए दर-दर ठोकर खा रही है। पटवारी ने 3000 रुपए ले लिया है, फिर भी उनका नाम पर नामांतरण आज तक नहीं हुआ है। नामांतरण के लिए तहसील कार्यालयों के चक्कर काटने किसान मजबूर है।



### पटवारियों की लापरवाही

पटवारियों की लापरवाही और मनमानी के कारण किसानों को अपने जमीन संबंधित कार्य कराने में बहुत परेशानी होती है। खासतौर पर किसान, जिन्हें समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए भूमि के नामांतरण की जरूरत होती है। खरीद-बिक्री के रजिस्ट्रेशन के साथ ही स्वचालित रूप से नामांतरण हो जाने से किसानों को लाभ मिलेगा पारदर्शिता बढ़ेगी और समय की बचत भी होगी।

# पहलगाम आतंकी हमला कायराना हरकत, आतंकियों को मिलेगी कड़ी से कड़ी सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि यह एक कायराना हरकत है। हमारे देश के लोगों को इस प्रकार नाम और धर्म पूछकर मारना बहुत बड़ा दुष्कृत्य है। कई परिवार के चिराग बुझ गए। देश आज एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार है। इस कृत्य का परिणाम उन्हें भुगतना पड़ेगा। इस नृशंस आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया है। उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इसके साथ ही इस्लामिक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। यह पहली बार नहीं है, कई बार पाकिस्तान ऐसी हरकतें करते आ रहा है। इससे पहले भी हमारे देश की सेना ने उन्हें करारा जवाब दिया है। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान को कई बार चेतावनी दी गई है, लेकिन वह फिर से वही गलती कर रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार कई कड़े फैसले लेकर आतंकवाद को पालने वाले पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर रही है।




### सरकार ले रही कड़े फैसले

हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसके तहत सिंधु जल समझौते को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। साथ ही बॉर्डर चेक पोस्ट को बंद करना, पाकिस्तानी नागरिकों के भारत में प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना, भारत में स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग को बंद करना, पाकिस्तानी राजनयिक को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश जारी किया गया है।

### भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की बैठक आज

**महासमुंद।** राष्ट्रवादी विचार धारा का एकमात्र संगठन भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश की बैठक महासमुंद में शनिवार 26 अप्रैल को जिला पंचायत सभागृह में दोपहर 12 बजे रखी गई है। इस बैठक में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीके वर्मा, राष्ट्रीय मंत्री पूरन सिंह पटेल तथा प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव, महामंत्री अनिल गोल्हानी उपस्थित रहेंगे। बैठक में देश और प्रदेश में पेंशनरों की समस्या और उसके निदान पर चर्चा की जाएगी। उक्त जानकारी राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष रिखीराम साहू ने दी है।

# बीज विकास निगम अध्यक्ष पहुंचे योगभवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर योग भवन पहुंचे। जहां दिव्य जीवन संघ द्वारा उनका स्वागत किया गया तथा नई जिम्मेदारी के लिए हर्ष जताया। इस अवसर पर बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास ने दिव्य जीवन संघ के सदस्यों द्वारा सिखाए जा रहे निशुल्क योग की सराहना की। उन्होंने कहा कि पद की गरिमा को ध्यान रखते हुए आम किसानों के लिए काम किया जाएगा। बीज निगम में किसनों को और फायदा मिले, इसके लिए प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर दाऊलाल चंद्राकर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, दिव्य जीवन संघ के अध्यक्ष दौलत चंद्राकर, पवन वर्मा, योगाचार्य तारेंद्र चंद्राकर, चोइथराम राजपाल, श्रवण चंद्राकर, परमानंद बजाज, नुकेश चंद्राकर, भूपेंद्र राठौर, परमानंद चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, चंद्रशेखर साहू, रामनिवास चंद्राकर, लक्ष्मीनाथ चंद्राकर, नंदू नंदवानी, पूर्व पार्षद रिंकू चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, हुकुम चंद शर्मा, विजय नंदवानी, विनोद चंद्राकर, सविता चंद्राकर, निरंजना चंद्राकर, शिवनाथ बोस, मोतुषि बोस आदि उपस्थित रहे।

# प्रधान पाठिका के सेवानिवृत्ति होने पर विदाई व सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

संकुल केंन्द्र बिरकोनी द्वारा चंद्रकुमारी साहू प्रधान पाठिका शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय बिरकोनी के सेवानिवृत्ति होने पर विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें में प्रमुख रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी महासमुंद लीलाधर सिन्हा, विकासखंड स्रोत समन्वयक जागेश्वर सिन्हा, संकुल प्रभारी टामेश्वरी साहू, संकुल समन्वयक सहदेव राम ध्रुव ने सरस्वती माता पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधान पाठक दयाराम साहू ने प्रधान पाठिका के द्वारा अपने विद्यालय में किये गये कार्यों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। संकुल केंद्र बिरकोनी कन्या शाला द्वारा प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो शाल और श्रीफल भेंट कर विदाई दी गई। आभार प्रदर्शन शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कांपा के प्रधान पाठक यशवंत साहू ने किया।




इस अवसर पर बालक बिरकोनी के संकुल समन्वयक निर्वाण दास मानिकपुरी, योगेश्वर गिरी प्रभारी प्रधान पाठक मिडिल स्कूल कन्या बिरकोनी, राजेश सोनी प्रधान पाठक मिडिल स्कूल बालक बिरकोनी, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक गण देवचरण साहू, ईश्वर साहू, नाना साहेब मानिकपुरी, रमेश साहू, सुरेश कुमार साहू, शिक्षक रामाधार जलक्षत्री, रमनरेखा भारद्वाज, लुकेश्वरी साहू, बुधराम सिन्हा, हेमलता साहू, मुकेश प्रजापति, संगीता साहू, धनेश्वरी प्रजापति, शैल सोनवानी, द्रोपदी दीवान, मंजू साहू, मनोज चंद्राकर, ओमप्रकाश चंद्राकर, अनुपमा मानिकपुरी, रेणुका चंद्राकर, सीमा जैन,वंदना शुक्ला, तरन्नुम खान, रूबीना परवीन, ललित साहू, राजेंद्र हनुमंता, चंद्रहास साहू, खिलेश सोनबेर, श्रद्धा जोशी, मैथिलीशरण ठाकुर, पंच फागू लाल साहू, महावीर निषाद, हेमराज चंद्राकर, डोलकुमार साहू, गोकुल सोनवानी सहित छात्र छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

# 10 दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत 9 वर्षों से आईटी एवं हेल्थ केयर जैसे नवीन व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के समस्त विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



आईटी विषय के विद्यार्थियों को ग्लोबल ई-टी चॉइस सेंटर में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान रत्नसागर अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा पैन कार्ड एवं आधार कार्ड बनाना, अपडेट करना तथा डाउनलोड करना, ऑनलाइन छात्रवृत्ति फॉर्म भरना, सीजी भुईंया पोर्टल की जानकारी, ड्राइविंग लाइसेंस एवं वोटर आईडी बनवाने की प्रक्रिया, फोटोशॉप में फोटो एडिटिंग, पीडीएफ एवं रेज़्युमे बनाना जैसी महत्वपूर्ण डिजिटल सेवाओं की जानकारी दी गई। इस इंटर्नशिप का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल कौशल से दक्ष बनाकर उन्हें स्वरोजगार व रोजगार के लिए प्रेरित करना था। प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रतिभागियों को मानदेय एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन एवं व्यवसायिक प्रशिक्षिका प्रज्ञा लांजेवार के संयोजन में हुआ। इस अवसर पर हीना साहू, खिलेश्वरी, मनीषा, मोनिका, प्रसून, मोक्षा, इशांत सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

